वि. 5 सा. प्र. कु-3518 परि० एक [18/7/2024]

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला–हरदा

ज्ञाप क्रमांक 5223/स्थापना–4/शिकायत/2024 हरदा दिनांक :–16/05/24

प्रश्न सं. [क्र. 3518]

प्रति,

कलेक्टर महोदय,
जिला–हरदा

विषय :– श्री सौरभ कुरैशिया, सहायक ग्रेड–3 को मूल संस्था में पदस्थ किये जाने के संबंध में ।

सन्दर्भ :– मान0डॉ0 रामकिशोर दोगने, विधायक, हरदा का पत्र क्र0/269 दिनांक 09–05–2024 एवं आपका कार्या0 पत्र क्र0/7157/स्थापना/2024 हरदा दिनांक 14–05–2024

उपरोक्त विषय के संबंध में निवेदन है कि सन्दर्भित पत्र द्वारा मान0डॉ0 रामकिशोर दोगने, विधायक, हरदा के पत्र के अनुक्रम में श्री सौरभ कुरैशिया, सहायक ग्रेड–3 शास0 उत्कृष्ट विद्यालय खिरकिया का कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी हरदा में संलग्न करने छात्रवृत्ति कार्य में जिला– पिछडने एवं सहायक कर्मचारियों के साथ उचित व्यवहार न किये जाने के संबंध में वस्तुस्थित का प्रतिउत्तर निम्नानुसार प्रस्तुत है :–

1– निवेदन है कि वर्तमान में कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी हरदा में मात्र– 06 लिपिकीय पद स्वीकृत/ कार्यरत है जबकि विभाग के अन्य जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालयों में लिपिक संवर्ग के 22–22 पद स्वीकृत है तथा वर्ष 2009 में नवगठित जिलों में 14 पद स्वीकृत है ।

2– शास0 उत्कृष्ट विद्यालय खिरकिया में एक लेखापाल एवं दो सहायक ग्रेड–3 पद होने एवं कार्यालय में स्टॉफ की कमि होने के कारण श्री सौरभ कुरैशिया, सहायक ग्रेड–3 शास0 उत्कृष्ट विद्यालय खिरकिया को कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी हरदा में समेकित छात्रवृत्ति, राष्ट्रीय मेरिट–कम–मीन्स छात्रवृत्ति, एम0पी0टॉस्ट एवं निर्वाचन संबंधी कार्य में सेवायें ली जा रही है ।

3– श्री सौरभ कुरैशिया, सहायक ग्रेड–3 द्वारा वर्ष 2016 से समेकित छात्रवृत्ति कार्य में देख रहे है तथा समेकित छात्रवृत्ति योजना प्रारंभ होने से वर्ष 2022 तक हरदा जिला प्रथम–दस स्थान पर रहा है

4– निवेदन है कि एम0पी0टॉस्क पोर्टल पर छात्रवृत्ति हेतु पंजीयन विद्यार्थी स्तर पर किया जाता है तथा संस्था प्रमुख अधिक से अधिक आवेदन पंजीकृत कराने के लिये जिम्मेदार रहता है एवं संकुल प्राचार्य स्तर पर छात्रवृत्ति स्वीकृति संबंधी कार्यवाही की जाती है । जिसमें श्री सौरभ कुरैशिया, सहायक ग्रेड–3 द्वारा जिले के समस्त संकुल प्राचार्यो से मोबाईल पर संपर्क किया जाकर मॉनीटरिंग की जाती है

5– श्री सौरभ कुरैशिया, सहायक ग्रेड–3 के अपने सहायक कर्मचारियों उचित व्यवहार नहीं किये जाने तथा अनुचित दबाव बनाने तथा निर्वाचन कार्य में पार्टी विशेष को लाभ पहुँचाने संबंधी किसी भी प्रकार कोई भी शिकायत कार्यालय में प्राप्त नहीं हुई है

6– श्री गौरव सराठे, कम्प्यूटर ऑपरेटर कार्यालय में स्काउट–गाइड शाखा में कम्प्यूटर कार्य कर रहे है । श्री सौरभ कुरैशिया, सहायक ग्रेड–3 एवं श्री गौरव सराठे, कम्प्यूटर ऑपरेटर के विरूध्द आपसी मतभेद के कारण उक्त स्थिति निर्मित हुई है । दोनों ने अब आश्वस्त किया है कि भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति नहीं होगी ।

प्रतिवेदन सादर प्रस्तुत है ।

16/05/24

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला– हरदा

पृ0 क्रमांक 5224/स्थापना–4/शिकायत/2024 हरदा दिनांक :–16/05/24

प्रतिलिपि :–

1. आयुक्त, लोक शिक्षण म0प्र0 भोपाल की ओर सादर प्रस्तुत ।
2. संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण नर्मदापुरम संभाग नर्मदापुरम की ओर सूचनार्थ सादर प्रस्तुत ।

16/05/24

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला– हरदा

अनुभाग अधिकारी
मध्यप्रदेश शासन
स्कूल शिक्षा विभाग (शाखा)

Scanned with CamScanner